E-mail

मध्यप्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड,

26 अरेरा हिल्स, किसान भवन, जेल रोड, भोपाल

क्रमांक/स्थापना/अ-1/विविध/05/ 682 भोपाल, दिनांक 28/05/2024

प्रति,

संयुक्त संचालक (समस्त)
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड,
आंचलिक कार्यालय, ... (म.प्र.)

विषयः- पद रिक्त होने पर वैकल्पिक व्यवस्था के तहत अस्थाई रूप से सचिव के पद का प्रभार वरिष्ठ कर्मचारी को सौंपे जाने के संबंध में।

...000...

प्रायः यह देखा जा रहा है कि, संभाग के अन्तर्गत कृषि उपज मंडी समितियों में सचिव/ प्रभारी सचिव की सेवानिवृत्ति / स्वर्गवास अथवा स्थानांतरण पर पद रिक्त होने के कारण आंचलिक कार्यालयों एवं भारसाधक अधिकारियों द्वारा जिन कर्मचारियों को रिक्त सचिव पद का प्रभार सौंपा जा रहा है उन कर्मचारियों के विरूद्ध विभागीय जांच/शिकायत/वरिष्ठता का ध्यान नहीं रखते हुए मंडी समिति में पदस्थ कनिष्ठ मंडी निरीक्षकों अथवा समीप की मंडी में पदस्थ कर्मचारियों को प्रभार न देकर दूरस्थ मंडियों में पदस्थ कर्मचारियों को अपने स्तर से सचिव पद का प्रभार दिया जा रहा है, जिससे विभागीय जांच/शिकायत एवं कनिष्ठ/वरिष्ठ संबंधी नियम एवं प्रावधान का पालन सुनिश्चित नहीं किया जा रहा है।

अतः इस संबंध में निर्देशित किया जाता है कि आंचिलक कार्यालयों एवं भारसाधक अधिकारियों द्वारा भविष्य में किसी भी प्रकार का प्रभार नहीं सौंपा जावे तथा प्रदेश की कृषि उपज मंडी समितियों में, यदि सचिव/ प्रभारी सचिव की सेवानिवृत्ति/स्वर्गवास/स्थानांतरण एवं अपरिहार्य कारणों से सचिव का पद रिक्त होता है तो ऐसी स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के तहत वरिष्ठता क्रम के आधार पर उसी मंडी समिति में पदस्थ अथवा वहाँ पर कर्मचारी न हो तो समीप की मंडियों में पदस्थ वरिष्ठ/स्वच्छ छवि के कर्मचारी को प्रभार देने का प्रस्ताव अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें तथा अनुमति/अनुमोदन प्राप्त होने के उपरांत ही प्रभार देने संबंधी कार्यवाही की जावे, जिससे कि पारदर्शिता एवं नियमों का पालन सुनिश्चित हो सके।

27/05/24
(श्रीमन् शुक्ला)
प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

DS_LET..M 5

क्रमांक/स्थापना/अ-1/विविध/05/ 683 भोपाल, दिनांक 28/05/2024

प्रतिलिपि :- **सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु :-**

(1) निज सहायक, प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।

(2) अपर संचालक/संयुक्त संचालक/उपसंचालक (समस्त) म.प्र. राज्य कृषि विपणन बोर्ड, मुख्यालय भोपाल।

(3) भारसाधक अधिकारी/सचिव (समस्त) कृषि उपज मण्डी समिति, ... जिला .... की ओर।

प्रबंध संचालक सह-आयुक्त
म0प्र0 राज्य कृषि विपणन बोर्ड
भोपाल

DS_LET..M 6